'5'

www.pib.nic.in

भारत सरकार
पत्र सूचना कार्यालय
गृह मंत्रालय
****

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

"पं. दीन दयाल उपाध्याय जी ने पश्चिम के अनुकरण की जगह भारतीय मिट्टी की सुगंध वाली एक विचारधारा को जन्म देने का बहुत बड़ा काम किया"

"प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी गत 6 वर्षों से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की 'अन्त्योदय' की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं"

"दीन दयाल जी के विचार, सिद्धांत और देश व समाज के प्रति समर्पित जीवन सदियों तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा"

नई दिल्ली, 25 सितंबर 2020

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। श्री अमित शाह ने कहा कि "भारत माँ के वीर सपूत, सादगी के प्रतीक और देश में प्रगतिशील राजनीति के रचनायक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि"।

“प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी गत 6 वर्षों से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की ‘अन्त्योदय’ की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। इस नीति के तहत मोदी सरकार 60 करोड़ गरीबों के घरों में गैस का चूल्हा, बिजली, शौचालय, घर, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

श्री अमित शाह ने कहा “पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने उस समय एक नई विचार धारा को जन्म दिया, जब आज़ादी के तुरंत बाद देश की नीतियां बननी थी, देश को आगे बढ़ने की दिशा तय होनी थी, पश्चिम के अनुकरण की जगह उन्होंने भारतीय मिट्टी की सुगंध वाली एक विचार धारा को जन्म देने का बहुत बड़ा काम किया”।

“देश के विकास और देश की राजनीति, विशेषकर गरीब कल्याण के प्रति दीन दयाल जी के योगदान हमेशा याद किए जायेंगे। उनके विचार, सिद्धांत और देश व समाज के प्रति समर्पित जीवन सदियों तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा”, श्री अमित शाह ने कहा।

https://twitter.com/AmitShah/status/1309410539295051776

***

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/डीडीडी